# प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**

**दिनांक- 25.07.2026**

- **आवेदक के साथ गेमिंग एप में लाभ दिलाने के नाम पर साइबर ठग द्वारा गलत तरीके से ₹48089/- खाते में ट्रांसफर कराने की शिकायत की गई थी।**
- **थाना रूरा पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता के खाते में कुल धनराशि ₹ 48089/- को वापस कराया गया ।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराध निवारण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बंधित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में शिकायतकर्ता आवेदक श्री विकास कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 दिनेश चन्द्र गुप्ता निवासी ग्राम अरिमल न्याई , थाना रूरा, जनपद कानपुर देहात के द्वारा दिनांक 21.07.2026 को राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (NCRP) पर ऑनलाइन साइबर धोखाधड़ी के संबंध में थाना रूरा पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत में आवेदक ने बताया कि उसे एक गेमिंग एप मे लाभ देने के लिए आवेदक के बैंक खाता से कुल ₹ 48089/- की धनराशि फ्रॉड तरीके से साइबर ठग द्वारा बैंक खाता में डलवा लिया था । साइबर हेल्प डेस्क, थाना रुरा द्वारा उपरोक्त प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए कुल धनराशि 48089/- रुपये को उपरोक्त शिकायतकर्ता के खाते में वापस कराया गया। पुलिस की कार्यवाही से शिकायतकर्ता ने थाना रूरा पुलिस का धन्यवाद दिया ।

**वापस करायी गयी धनराशि-**

**₹48,089/-**

1.मोबाइल फोन खोने पर सीईआईआर पोर्टल व संचार साथी एप्लीकेशन के माध्यम से शिकायत दर्ज करें- https://www.ceir.gov.in

2.ऑनलाइन फ्रॉड खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरंत 1930 पर कॉल करें या https://www.cybercrime.gov.in/ पर शिकायत दर्ज करें।

धनराशि वापस कराने वाली साइबर क्राइम पुलिस टीम-

1. थानाध्यक्ष श्री सुधीर भारद्वाज
2. हे0का0 40 श्याम सुन्दर